53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24

Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

वर्ष : 53/अंक : 301 शनिवार, 01 नवम्बर 2025 कार्तिक, शुक्ल पक्ष, दशमी/एकादशी सम्वत् 2082 मूल्य : 3 रुपये कुल पृष्ठ-4

न्यूनतम 20.0°c अधिकतम 27.8 °c

**अमृतवाणी**

यदि परिस्थिति पर आपकी मजबूत पकड़ है, तो जहर उगले वाला भी आपका कुछ नहीं बिगाड़ सकता।

सूर्योदय - 6:32, सूर्यास्त - 5:32

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

बिहार को किसी भी हाल में खानदानी माफिया राज की वापसी बर्दास्त नहीं : योगी



जागरुक हो गयी है अब जनता.... माफिया राज कौन चाहेगा?......



53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24

न्यूनतम 20.0°c अधिकतम 27.8°c

Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 6:32, सूर्यास्त - 5:32 वर्ष : 53/अंक : 301 शनिवार, 01 नवम्बर 2025 कार्तिक, शुक्ल पक्ष, दशमी/एकादशी सम्वत् 2082 मूल्य : 3 रुपये



**अमृतवाणी**

यदि परिस्थिति पर आपकी मजबूत पकड़ है, तो जहर उगले वाला भी आपका कुछ नहीं बिगाड़ सकता।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

बिहार को किसी भी हाल में खानदानी माफिया राज की वापसी बर्दाश्त नहीं : योगी




जागरुक हो गयी है अब जनता.... माफिया राज कौन चाहेगा?......

# नीलगाय से टकराकर दो युवकों की मौत

**चरथावल, 31 अक्टूबर (बु.)।** थाना क्षेत्र के ग्राम बिरालसी के निकट मुजफ्फरनगर-थानाभवन मार्ग पर खेत से अचानक निकली नीलगाय से टकराकर दो स्कूटी सवारों की मौत हो गई। दोनों हादसे में गंभीर घायल हुए थे। सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा घायलों को

**▶▶ अचानक स्कूटी के सामने कूदी नील गाय, दो मौतों से कोहराम**

सीएचसी में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने एक स्कूटी सवार को सीएचसी पहुंचते ही मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना से परिजनों में कोहराम मच गया। इस दौरान परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया। बताया गया है कि कस्बे के मुहल्ला शेखजादगान गर्बी निवासी जरीफ







अहमद ने पुलिस को दिए प्रार्थना-पत्र में बताया कि उसका 27 वर्षीय पुत्र जुनैद स्कूटी द्वारा साथी 28 वर्षीय नाहिद के साथ थानाभवन की ओर जा रहे थे। जैसे ही वह बिरालसी चौकी के निकट पहुंचे तभी अचानक खेतों से नीलगाय निकली। नील गाय स्कूटी के सामने कूदी तो उससे टकराकर दोनों स्कूटी सवार सड़क पर गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गये। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को चरथावल सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने जुनैद को मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की सूचना से परिजनों में कोहराम मच गया। वही गम्भीर रूप से घायल नाहिद को जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया। बाद में गंभीर घायल युवक को परिजन आनंद हॉस्पिटल मुजफ्फरनगर ले गए, जहां उपचार के दौरान युवक जुनैद रंगरेज की भी मौत हो गई। दूसरे युवक की मौत की सूचना से कस्बे में कोहराम मच गया। मृतकों के परिजनों ने पुलिस को पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया। पुलिस ने पंचनामा भरकर दोनों युवकों के परिजनों को सौंप दिया। नगर में अचानक हुई दो जवान मौतों से क्षेत्र सहित पूरे नगर में गम की लहर दौड़ गयी। बड़ी संख्या मे क्षेत्रवासी मृतकों के घर शोक जताने पहुंचे नगर पंचायत चेयरमेन मास्टर इस्लाम, काला मेंबर, प्रमुख समाजसेवी अभिषेक बंसल, डाक्टर नौशाद, वाहब त्यागी इसरार साबरी प्रधान सहित अनेकों लोगों ने पहुंचकर शोक जताया वही परिजनों का रो रोकर बुरा हाल था




# पति-पत्नी व तीन वर्षीय बेटा मिले एचआईवी पॉजिटिव

## एचआईवी संक्रमित एक महिला के नवजात शिशु ने मेरठ में दम तोड़ा

**मुजफ्फरनगर, 31 अक्टूबर (बु.)।** जिले में एक पूरे परिवार के एचआईवी पॉजिटिव पाए जाने के बाद रक्तदान शिविर की प्रक्रिया पर सवाल उठ रहे हैं। परिवार में पति व पत्नी के अलावा तीन वर्षीय बेटा भी एचआईवी पॉजिटिव पाया गया है। इसके अलावा एक अन्य मामले में एचआईवी संक्रमित दंपती के नवजात शिशु की मौत हो गई। जानकार सूत्रों के अनुसार विगत दिनों एक शिविर में रक्तदान के बाद जांच में एक व्यक्ति का रक्त परीक्षण किए जाने के बाद वह एचआईवी पॉजिटिव मिला था। इसके बाद उसकी पत्नी और बच्चे की जांच की गई तो तीनों एचआईवी संक्रमित पाए गए। परिवार के तीनों लोगों को बाद में उपचार के लिए एआरटी सेंटर में भर्ती कर इलाज शुरू किया गया है।

दूसरे मामले में यहां एआरटी सेंटर में भर्ती एक एचआईवी संक्रमित महिला के नवजात





की उपचार के दौरान मेरठ में मौत हो गई। बताया गया है कि उक्त महिला के गर्भवती होने के बाद उसे प्रसव के लिए मेरठ मैडीकल कॉलेज भेजा गया था। वहां महिला ने एक बच्चे को जन्म दिया। बच्चे के अस्वस्थ होने के बाद उसका वहां उपचार शुरू किया गया। छह दिन बाद उक्त बच्चे ने दम तोड़ दिया। बताया गया है कि बच्चे को सांस लेने में कष्ट होने के बाद उपचार कराया गया था। इसके चलते उसकी मौत हुई है। जिले में एचआईवी के मामले लगातार मिल रहे हैं। जिला अस्पताल में 2004 में एआरटी (एंटी रेट्रो वायरल थेरेपी) सेंटर की स्थापना के बाद जनपद में 3500 से अधिक एचआईवी पॉजिटिव मरीज आए हैं। इनमें अभी भी कई उपचाराधीन हैं। एआरटी सेंटर के मेडिकल ऑफिसर डॉ. मुजीबुर्रहमान के अनुसार चिकित्सा विभाग एचआईवी को लेकर लगातार अभियान चला रहा है। इसके साथ ही लगातार अपील की जा रही है कि एचआईवी को लेकर जागरूक रहें और किसी को इसकी आशंका होने के बाद तत्काल जांच और उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में संपर्क करें। इस बात को लेकर सवाल खड़ा हो रहा है कि रक्तदान के बाद किसी व्यक्ति की जांच में वह एचआईवी पॉजिटिव मिला तो क्या रक्तदान से पहले इस तरह की सावधानी नहीं बरती जानी चाहिए?

# राज्यमंत्री को गाली देने के बाद भाजपाईयों में उबाल

**मुजफ्फरनगर, 31 अक्टूबर (बु.)।** शुक्रवार को दोपहर में रालोद के प्रदेश सचिव अशोक बालियान द्वारा राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल को गाली देने के बाद देर रात भाजपाईयों में उबाल आ गया और रात में सैकड़ों भाजपाईयों की भीड़ उनके आवास पर जमा हो गयी। हुआ यूं था कि सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर छोटूराम कॉलेज में कला प्रतियोगिता थी। कला प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि मंत्री कपिल देव अग्रवाल थे और कपिल देव अग्रवाल छोटूराम इं. कॉलेज में पहुंचने ही वाले थे, जब रालोद के प्रदेश सचिव की गाड़ी रास्ते में अड़ी हुई थी। इस पर प्रधानाचार्य ने चौकीदार से गाड़ी एक साइड कराने के लिए कहा, तो रालोद के प्रदेश सचिव का ड्राइवर चाय की चुस्की लेने की दुहाई देने लगा। इतने में मंत्री कपिल देव अग्रवाल वहां पहुंचे और कार्यक्रम समाप्त कर चुपचाप वहां से लौट गये। मगर मामला यहीं खत्म नहीं हुआ। प्रधानाचार्य योगेन्द्र सिंह मलिक ने वापस लौटते समय प्रदेश सचिव योगेन्द्र मलिक से उनके ड्राईवर की शिकायत की तो खुद प्रदेश सचिव ही तुनक गये और गन्दी गाली देते हुए राज्यमंत्री की ओर इंगित किया। इस पर शिक्षक भड़क गये और उन्होंने कहा



कि अभी तो ये हाल तब है, जब भाजपा से रालोद का गठबंधन है। इस पर प्रदेश सचिव और ज्यादा गाली देते हुए बोले कि भाजपा की भी ऐसी की तैसी। बाद में जब मीडिया का जमावड़ा लग गया तो प्रदेश सचिव की भाषा बदल गयी और बड़े साधारण शब्दों में उन्होंने इस तरह अपनी बात को रखा जैसे उन्होंने कुछ कहा ही ना हो। दूसरी तरफ प्रधानाचार्य योगेन्द्र सिंह मलिक ने पूरा सच मीडिया के सामने बयां कर दिया और कहा कि जो गाली प्रदेश सचिव ने दी है वह तो मैं कैमरे के सामने नहीं बता सकता, मगर शिक्षक इस बात को कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। इसी बीच रालोद के जिलाध्यक्ष संदीप मलिक भी वहां पहुंचे और शिक्षकों से ही गुत्थमगुत्था होने लगी, मगर जब शिक्षकों को अपने ऊपर भारी पड़ते हुए देखा तो जिलाध्यक्ष की टांय-टांय फिस्स हो गयी और रालोदियों ने वहां से जाने में ही भलाई समाी। रालोद और भाजपा के मंत्री का हुआ यह विवाद राजनैतिक गलियारों में खूब गूंज रहा है और भाजपा का कार्यकर्ता कह रहा है कि भाजपा हाईकमान वोट बटोरने के चक्कर में रालोद से गठबंधन कर तो लेता है, मगर इनका व्यवहार भाजपाईयों के प्रति हमेशा खराब रहा है और राज्यमंत्री को गाली देने की बात कतई बर्दाश्त नहीं की जायेगी। देर रात तक रालोद प्रदेश सचिव के विरोध में राज्यमंत्री के घर पर भीड़ा मौजूद थी।

# हत्या के मामले में मां, बेटे व बेटी समेत छह को आजीवन कारावास

**मुजफ्फरनगर, 31 अक्टूबर (बु.)।** शामली जनपद के गांव लिलौन के वर्ष 2017 के एक हत्या के मामले में एफटीसी कोर्ट ने मां, बेटे व बेटी समेत छह को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है, जबकि प्रत्येक आरोपी पर 65 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। एडीजीसी नीरज कांत मलिक ने बताया कि शामली कोतवाली थाना क्षेत्र के गांव लिलौन में वर्ष 2013 में एक बच्चे की हत्या कर दी गयी थी। इस मामले में परिवार का अंजुल निवासी लिलौन चश्मदीद गवाह था। बच्चे की हत्या के आरोपी उस पर हत्या के मामले में फैसला करने का दबाव बना रहे थे। जब अंजुल ने फैसला न करने से इंकार कर दिया तो आरोपियों ने 26 फरवरी 2017 को गांव में ही अंजुल को गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया। इस मामले में डिंपल पत्नी संदीप, शकुन्तला पत्नी श्याम सिंह, अंजु उर्फ बोबी पुत्री श्याम सिंह, अमित पुत्र श्याम सिंह, संदीप उर्फ छोटा पुत्र सीताराम व वीरेन्द्र पुत्र बाबूराम निवासीगण लिलौन को नामजद किया गया था। पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। सभी के खिलाफ चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की गयी है। एडीजीसी ने बताया कि इस मामले की सुनवाई एफटीसी कोर्ट नम्बर 1 के न्यायाधीश निशांत सिंगला की कोर्ट में हुई। कोर्ट ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के पश्चात सभी आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा के साथ साथ प्रत्येक आरोपी पर 65 हजार रुपए का अर्थदण्ड भी लगाया है।



**रालोद कार्यालय पर गेट के सामने कार खड़ी होने को लेकर हुए विवाद के बीच आमने-सामने आए शिक्षक और रालोद नेता हंगामा करते हुए तथा भाजपा व मंत्री कपिल देव अग्रवाल के प्रति अपशब्द बोलने पर सफाई देते रालोद के नेता एवं मामले की जानकारी देते चौ. छोटूराम कॉलेज के प्राचार्य।**









## मंत्री कपिलदेव अग्रवाल ने गुस्साए समर्थकों को समझाकर वापस भेजा

**मुजफ्फरनगर, 31 अक्टूबर (बु.)।** मंत्री कपिलदेव अग्रवाल को रालोद नेताओं द्वारा गाली दिए जाने के मामले को लेकर गुस्साए समर्थक आज देर शाम मंत्री के गांधी नगर आवास पर पहुंचे और इस घटना पर रोष व्यक्त किया। हालांकि देर रात कपिलदेव अग्रवाल ने उन्हें सम-ााबुााकर उन्हें लौटा दिया। उन्होंने कहा कि विवाद कार चालकों के बीच हुआ। मैं वहां नहीं था। मामला चर्चा में आने के बाद रालोद के जिलाध्यक्ष संदीप मलिक और प्रदेश सचिव अशोक बालियान ने भी उनसे संपर्क कर कहा कि उन्हें किसी ने कोई गाली नहीं दी। कपिलदेव अग्रवाल ने कहा कि किसी में हिम्मत नहीं कि मेरा तो दूर पार्टी के किसी कार्यकर्ता का कोई अपमान कर सके। इस पूरे विवाद के दौरान वे वहां नहीं थे और रालोद के नेताओं ने साफ कहा है कि उन्होंने गाली नहीं दी, तो अब कोई विवाद नहीं रह जाता।

# चोरों के हाथ ही सौंप दी चाभी बनाने की जिम्मेदारी

**मुजफ्फरनगर, 31 अक्टूबर (बु.)।** कभी-कभी इंसान विश्वास में आकर बड़ी-बड़ी गलतियां कर बैठता है। और एक कहावत भी है कि कभी-कभी चोरों के हाथ में ही इंसान चाभियां सौंप बैठता है।

ऐसा ही एक मामला नई मण्डी क्षेत्र के गांधीनगर का सामने आया, जिसका खुलासा करते हुए एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने बताया कि 1 अक्टूबर को मनीश गौतम निवासी संजय मार्ग गांधीनगर ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि अज्ञात चोरों ने अलमारी का ताला खोलने का झांसा देकर लॉकर से लाखों के जेवरात चोरी कर लिए है। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली। नई मंडी कोतवाली प्रभारी ब्रजेश कुमार शर्मा ने टीम के साथ शातिर आरोपी नानक निवासी सिंगल फलिया गोदी रोड थाना बी डिवीजन जनपद दाहौद ,गुजरात व विशाल छावडा



निवासी गांव गंधवानी बाडिया थाना गंधवानी जिला धार, मध्य प्रदेश को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों की गिरफ्तारी गुजरात व मध्यप्रदेश से की गयी है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों से 2 लाख रुपये की नकदी और एक मोबाइल बरामद किया है। थाना प्रभारी का बताना है कि उक्त शाातिर चोर चाभी बनाने के नाम पर घर-घर घूमा करते थे। मनीष गौतम की अलमारी की चाभी खो जाने के बाद उसने इन दोनों युवकों विशाल छाबड़ा एवं नानक को अपनी अलमारी चाभी बनाने की जिम्मेदारी सौंप दी। अलमारी खोलने के दौरान आरोपियों ने कहा कि अलमारी खोलने के लिए वे कपड़ा व तेल ले आएं, इसी बीच दोनों शातिर चाभी बना चुके थे और अलमारी खोलकर जेवरात चोरी कर मौके से फरार हो गए। जब परिवार को शक हुआ तो उन्होंने अलमारी का ताला तोड़ा तो उसमें से जेवरात, नकदी आदि गायब मिले। तत्काल इसकी सूचना पुलिस को इसकी जानकारी दी गयी। शुक्रवार को पुलिस ने दोनों शातिरों का चालान कर जेल भेज दिया।

## ऑपरेशन सिंदूर ने बदल दी युद्ध की परिभाषा, कर्नल सोफिया कुरैशी ने हर नागरिक को बताया राष्ट्ररक्षक

**विशाखापट्टनम, 31 अक्तूबर (एजेंसी)।** विशाखापट्टनम में आयोजित यंग लीडर्स फोरम में सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी और कर्नल सोफिया कुरैशी ने युवाओं से देश की सुरक्षा और विकास में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। इस फोरम का उद्देश्य राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति युवाओं को जागरूक और सशक्त बनाना था। कर्नल सोफिया कुरैशी ने अपने भावुक संबोधन में कहा, 'जब मेरा जन्म हुआ, मेरी मां ने कहा- तुम आजाद भारत में जन्मी हो।' मैं चाहती हूं कि हर युवा इस गर्व को महसूस करे। देश की रक्षा सिर्फ सेना की नहीं, हर नागरिक की जिम्मेदारी है।'



## शिक्षकों से दुर्व्यवहार पर माध्यमिक शिक्षक संघ की बैठक आपात बैठक आज

**मुजफ्फरनगर, 31 अक्टूबर (बु.)।** चौधरी छोटू राम इंटर कॉलेज पर शिक्षकों के साथ अभद्र व्यवहार को लेकर उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ कोर कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक कल प्रातः 9:00 बजे सनातन धर्म इंटर कॉलेज में बुलाई गई है। इसमें जो भी निर्णय उस बैठक में लिया जाएगा, उसी के अनुरूप आगे की कठोर रणनीति तय की जाएगी। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के डॉ. राहुल कुशवाहा ने कहा कि यह घटना अत्यंत निंदनीय और शर्मनाक है। कुछ अराजक तत्वों द्वारा सम्मानित अध्यापकों के साथ जिस तरह की बदतमीजी, अभद्रता और गाली-गलौज की गई है, उसने पूरे शिक्षक समाज की आत्मा को झकझोर कर रख दिया है। शिक्षक समाज अपमान बर्दाश्त नहीं करेगा। हमारा संयम हमारी कमजोरी नहीं, हमारी संस्कृति है। लेकिन यदि किसी ने शिक्षक के सम्मान को ठेस पहुँचाने की कोशिश की, तो उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ, मुजफ्फरनगर मूकदर्शक नहीं रहेगा।

## आवारा कुत्तों पर एससी ने सरकारों से फिर मांगा जवाब, कहा- सभी मुख्य सचिव सो रहे, हमारे आदेश का सम्मान नहीं

**नई दिल्ली, 31 अक्तूबर (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को आवारा कुत्तों से जुड़े केस में सुनवाई करते हुए सभी राज्यों के मुख्य सचिवों को कोर्ट में पेश होने का आदेश दिया है। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को व्यक्तिगत रूप से पेश होने से छूट देने की याचिका खारिज कर दी। जस्टिस नाथ ने कहा, "जब हम मुख्य सचिवों से हलफनामा दाखिल करने के लिए कहते हैं, तो वे इस पर चुप्पी साधे रहते हैं। हमारे आदेश का कोई सम्मान नहीं है। तो ठीक है, उन्हें आने दीजिए। हम उनसे निपट लेंगे।" दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने मुख्य सचिवों को 3 नवंबर को व्यक्तिगत रूप से पेश होने का आदेश दिया है। इससे पहले 27 अक्टूबर को कोर्ट ने पश्चिम बंगाल और तेलंगाना को छोड़ सभी राज्यों के मुख्य सचिवों से जवाब मांगा था। सुप्रीम कोर्ट आवारा कुत्तों के काटने से होने वाले रेबीज के बारे में एक मीडिया रिपोर्ट पर एक्शन लेते 28 जुलाई से मामले की सुनवाई कर रहा है। 22 अगस्त को हुई पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों से जुड़े केस का दायरा दिल्ली-एनसीआर से बढ़ाकर पूरे देश में कर दिया था और सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को इसमें पार्टी बनाने का निर्देश दिया था। कोर्ट ने कहा था, जिन कुत्तों को पकड़ा जाता है, उनकी नसबंदी और टीकाकरण कर जहां से उठाया है, वहीं वापस छोड़ दिया जाए।

## गांव सलेमपुर में ताबड़तोड़ फायरिंग से गांव में अफरा-तफरी, चार गोली लगने से युवक गंभीर



**मुजफ्फरनगर, 31 अक्टूबर (बु.)।** शुक्रवार को गांव सलेमपुर निवासी दीपांशु पुत्र हरेन्द्र अपने साथी दीपक के घर के बाहर खड़ा था, अचानक कुछ हमलावर वहां पहुंचे और दीपांशु को निशाना बनाते हुए उस पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दी, जिसमें में चार गोलियां दीपांशु को जा लगी। एक गोली दीपांशु के गोली सिर में, दो कमर के नीचे व एक गोली पेट में लग गयी, जबकि उसके साथ खड़े उसके साथी दीपक को भी एक गोली हाथ में लग गयी। चार गोली लगते ही दीपांशु सड़क पर गिर पड़ा और घटना को अंजाम देते ही आरोपी हमलावर मौके से फरार हो गये। बताया जाता है कि हमलावरों ने 32 बोर की पिस्टल से गोलियां चलाई थी। घटना के काफी देर बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। जानकारी मिलते ही शहर कोतवाली प्रभारी बबलू सिंह वर्मा पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे। थाना प्रभारी ने बताया कि गंभीर घायल को उपचार के लिए दिल्ली रैफर कर दिया गया है। उसके भाई ने बताया कि दीपांशु पर हमला गांव के राजा, उसके भाई देवा व दो अन्य आरोपियों ने किया है। पुलिस हमलावरों की तलाश कर रही है। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही एसएसपी संजय कुमार वर्मा व एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। ग्रामीणों ने बताया कि वर्ष 2013 में दोनों पक्षों के बीच खेत में पानी चलाने को लेकर विवाद हो गया था। विवाद में दीपांशु के ताऊ नितिन व आरोपी पक्ष राजा के दादा राजवीर की हत्या कर दी गयी थी। दोनों तरफ से मुकदमे दर्ज हुए थे। हालांकि पुलिस का कहना कि दोनों हत्याओं के मामलों में दोनों परिवारों में समझौता हो गया था। शुक्रवार को हुई घटना को लेकर पुलिस गहनता से जांच कर रही है।

# ट्रक की कार में भीषण टक्कर से भाकियू नेता व एक महिला घायल, एक व्यक्ति की मौत

**देर रात**

**मुजफ्फरनगर, 31 अक्टूबर (बु.)।** देर रात पानीपत-खटीमा हाईवे पर बुढ़ाना मोड़ पुलिस चौकी के पास नशे में धुत चालक द्वारा बेकाबू दौड़ाए जा रहे एक तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत हो गई। ट्रक की टक्कर से पीनना के एक भाकियू नेता राजू की कार बुरी तरह पिचक गई। कार में टक्कर मारने के बाद ट्रक बिजली का खंभा तोड़ते हुए पास के एक मकान में जा टकराया। इस हादसे में एक व्यक्ति ट्रक के अगले हिस्से में फंस गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में भाकियू नेता व एक महिला घायल हो गई। सूत्रों के अनुसार देर रात शामली रोड पर बुढ़ाना मोड पुलिस चौकी के पास एक दर्दनाक हादसे ने पूरे इलाके को दहला दिया। हादसा उस समय हुआ जब तेज गति से शामली की ओर जा रहा एक ट्रक अनियंत्रित होकर भाकियू नेता राजू पीनना की कार से टकराया और उसे बुरी तरह क्षतिग्रस्त करते हुए उसकी टक्कर बिजली का खंभा तोड़ते हुए सड़क किनारे अशोक के मकान से हो गई। ट्रक की मकान से टक्कर के दौरान अशोक की पत्नी सुमन छत से नीचे गिर गई और गंभीर रूप से घायल हो गई। ट्रक की टक्कर के बाद कार भी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित धर्मकांटे में घुस गई। इस भीषण हादसे में ट्रक की चपेट में आए एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है। टक्कर के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल राजू पीनना और महिला सुमन व तीसरे व्यक्ति को जिला अस्पताल भेजा। वहां जहां डॉक्टरों ने एक व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान नहीं हो सकी है और शिनाख्त कराने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचने के बाद ट्रक के चालक और क्लीनर को हिरासत में ले लिया।









## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत, बाइक भी हुई क्षतिग्रस्त

**चरथावल 31 अक्टूबर (बु.)।** थाना क्षेत्र में एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार संजय (37) की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। यह घटना ग्राम बलवाखेड़ी स्थित शमशान के पास हुई। सहारनपुर जनपद के थाना नागल क्षेत्र के नैनसोब निवासी संजय पुत्र ओमसिंह अपनी स्प्लेंडर मोटरसाइकिल से ससुराल पीपलहेड़ा जा रहे थे, तभी पीछे से आ रहे एक अनियंत्रित अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि संजय गंभीर रूप से घायल हो गए और उनकी मोटरसाइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गई। स्थानीय लोगों ने उन्हें तुरंत चरथावल के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर चरथावल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। थाना प्रभारी सत्यनारायण भैया ने बताया कि अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हुई है। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के भाई की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

# सहालग के सीजन के साथ बाजार ने फिर ली अंगड़ाई

- देव उठनी एकादशी के साथ चार माह रहेंगे बड़ी संख्या में विवाह मुहूर्त
- सर्राफा, ऑटो, इलेक्ट्रॉनिक्स, कपड़ा आदि के लिए जमकर खरीदारी
- बैंकट हॉल, धर्मशालाएं और होटल पहले से बुक, कैटरर्स, बैंड वाले बिजी

**मुजफ्फरनगर, 31 अक्टूबर (बु.)।** देव उठनी एकादशी के साथ दीपावली के बाद सुस्त हुआ बाजार अब सहालग की आहट के साथ फिर अंगड़ाई ले रहा है। आगे विवाह शादियों का सीजन रहेगा। नवंबर में बड़ी संख्या में विवाह मुहूर्त होने के साथ देव उठनी एकादशी को बिना सूझ मुहूर्त माना जाता है। ऐसे में इस दिन बड़ी संख्या में विवाह के साथ तुलसी विवाह के आयोजन भी बड़े पैमाने पर होंगे। विवाह सीजन के चलते नगर के ऑटो, इलेक्ट्रॉनिक्स, सर्राफा और कपड़ा आदि की बड़े पैमाने पर खरीद होने की उम्मीद है।

दीपावली के बाद सुस्त बाजार फिर से बड़े पैमाने पर खरीदारों के उतरने की उम्मीद के साथ फिर अंगड़ाई ले रहा है। दिवाली के बाद बाजार सुस्त था। चार माह के बाद नवंबर के पहले सप्ताह से शादी आदि के शुभ मुहूर्त शुरू हो रहे हैं। इसके चलते अब शादियों के सीजन की खरीदारी शुरू हो गई है। शादियों के सीजन में ऑटो मार्केट के साथ इलेक्ट्रॉनिक्स, सर्राफा और कपड़ा आदि की खरीद बड़े पैमाने पर होने की उम्मीद है। हाल में जीएसटी की दरें कम होने के बाद ऑटो और इलेक्ट्रानिक्स मार्केट में तो खरीदारों के लिए खासी राहत है, लेकिन सर्राफा बाजार में प्रतिदिन दामों में हो रहे उतार चढ़ाव के चलते खरीदार शंकित है। इसके बावजूद विवाह के सीजन में खरीदारी तो होनी ही है। ऐसे में हर व्यक्ति अपने बजट के हिसाब से गहने खरीदने की तैयारी में है। भाव अधिक होता है तो वह बजट के हिसाब से कम सामान खरीदेगा। महंगाई के बावजूद खरीदारी होगी जरूर। शादी विवाह में कपड़ों की खरीद भी बड़े पैमाने पर होती है। इसके लिए बाजार में नए डिजाइन के कपड़ों की भरमार है। दूल्हे से लेकर दुल्हन और उनके साथ जाने वाले घराती और बरातियों के अलावा बच्चों लिए नई-नई ड्रेस बाजार में आई हैं। गर्म वस्त्रों की मांग भी बढ़ने लगी है। इस बार महिलाओं की खरीदारी का पैटर्न बदला है। महिलाएं लहंगे और साड़ियों के साथ डिजाइनर रेडीमेड वस्त्र पसंद कर रही है। इनकी कीमत भी 1500 रुपये से लेकर पसंद के अनुसार कई हजार तक है। शरारा, लहंगे के साथ सिल्क की साड़ियों की खासी मांग है। सिल्क में भी दक्षिण भारत की सिल्क की अधिक पसंद की जा रही है। इन सिल्क साड़ियों की खासियत है कि यह देखने में काफी भारी और पहनने में काफी हल्की होती है। इसके अलावा पुरुषों के लिए भी नई वेरायटी बाजार में हैं। राजस्थानी कुर्तो से लेकर पंजाबी कुर्ते, इंडोवेस्टर्न का खासा क्रेज है। इसके अलावा थ्री-पीस सूट का भी क्रेज कम नहीं हुआ है। दुकानदारों का कहना है कि ग्राहक अब शादी-ब्याह के कपड़ों, सूट, शेरवानी और पार्टी वियर की खरीदारी में अधिक रुचि दिखा रहे हैं। अब अगले तीन से चार महीने तक अच्छा कारोबार रहने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि इस बार ग्राहकों की खरीद क्षमता में भी वृद्धि देखी जा रही है, जिससे बाजार का माहौल सकारात्मक बना हुआ है। वैसे तो शादियों का यह सीजन चार माह तक चलेगा, लेकिन नवंबर महीने में ही बड़े पैमाने पर शादियां हैं। पंचांग के अनुसार इस माह देवउठनी एकादशी के अबूझ मुहूर्त के साथ 2, 3, 6, 8, 12, 13, 16, 17, 18, 21, 22, 23, 25, 30 तारीखें विवाह के लिए शुभ रहेंगी। ऐसे में तमाम बैंकट हॉल और धर्मशालाएं और होटल पहले से बुक हैं। कैटरर्स, बैंड वालों और शादियों के लिए तैयारी में योगदान करने वाले तमाम लोगों के लिए भी यह मौसम कमाई वाला रहेगा। ऐसे में अब गन्ने का सीजन शुरू हो जाने तथा नवंबर के पहले सप्ताह में सेलरीड लोगों की जेब गर्म होने के साथ पैसा बाजार में पहुंचेगा। इससे कमोबेश सभी लोगों को रोजगार मिलेगा।

## 1811 करोड़ का फर्जी व्यापार व 341 करोड़ की जीएसटी चोरी

**लखनऊ, 31 अक्टूबर (एजेंसी)। राज्य कर विभाग ने लोहे में टैक्स चोरी के बड़े रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए 341 करोड़ की जीएसटी चोरी का खुलासा किया है। ये टैक्स चोरी देशभर में केवल दो मोबाइल नंबरों से खोली गईं 122 फर्मों के जरिये की गई। इसका मास्टरमाइंड लखनऊ का लोहा कारोबारी अंकित कुमार निकला। फर्जी फर्मों के जरिये 1811 करोड़ रुपये का कागजी कारोबार किया गया। राज्य कर विभाग द्वारा लोहे में टैक्स चोरी के खुलासे का ये सबसे बड़ा मामला बताया जा रहा है। जांच रिपोर्ट राज्य कर के प्रमुख सचिव, कमिश्नर और सीजीएसटी के प्रधान आयुक्त को भेजी गई है।**

## उत्तर प्रदेश में 6 नवंबर तक होगी बारिश, गिरेगा पारा, आया आईएमडी का अलर्ट

**लखनऊ, 31 अक्टूबर (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के कई जिलों में गुरुवार को भी बेमौसम बारिश जारी रही। कई जगहों पर हुई भारी बारिश से दिन का तापमान सामान्य से काफी नीचे चला गया। मौसम विभाग के अनुसार, 31 अक्टूबर से 6 नवंबर तक राज्य के अधिकांश हिस्सों में बारिश और हल्की बूंदाबांदी होती रहेगी। इस दौरान मौसम ठंडा और नम बना रह सकता है। इस मौसम के बाद ठंड बढ़ सकती है। मौसम विभाग के अनुसार, 31 अक्टूबर से 6 नवंबर के बीच उत्तर प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। इसके बाद मौसम के साफ होने की संभावना है। शुक्रवार, 31 अक्टूबर को विंध्य, बुंदेलखंड और पूर्वी इलाकों में गरज-चमक, तेज हवाएं और कुछ स्थानों पर भारी बारिश की संभावना जताई गई है। रिपोर्ट के अनुसार पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य में सबसे ज्यादा 47.8 मिलीमीटर (मिमी.) बारिश झांसी में दर्ज की गई। इसके अलावा उरई में 40 मिमी. और हमीरपुर में 24 मिमी. बारिश दर्ज की गयी। अयोध्या, कानपुर, सुलतानपुर, इटावा, बाराबंकी, लखीमपुर खीरी, बलिया, बहराइच, प्रयागराज और गोरखपुर में भी हल्की से मध्यम वर्षा होने की सूचना है।

## अमरोहा में बरेली के दो कपड़ा व्यापारियों की मौत

**अमरोहा, 31 अक्टूबर (एजेंसी)।** अमरोहा में सड़क हादसे में बरेली के दो कपड़ा व्यापारियों की मौत हो गई। कार सवार व्यापारी हरियाणा से कपड़ा बेचकर बरेली लौट रहे थे। रास्ते में हाईवे पर अवैध कट से सर्विस लेन पर उतर रहे एक ट्रक में उनकी अर्टिगा कार पीछे से टकरा गई। कारोबारियों की मौके पर ही मौत हो गई। ड्राइवर समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कार की रफ्तार काफी तेज थी। ट्रक अवैध कट से अचानक सर्विस लेन पर उतर रहा था, तभी जोरदार धमाके जैसी आवाज आई। देखा तो चकनाचूर कार दिखाई दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। आसपास के लोगों ने घटना की जानकारी तत्काल पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और कार का दरवाजा तोड़कर घायलों को बाहर निकाला। घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। वहीं, पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

## दरोगा ने की डील, दो लाख के बदले सामूहिक दुष्कर्म से हटा देगा आरोपी का नाम

**लखनऊ, 31 अक्तूबर (एजेंसी)।** सामूहिक दुष्कर्म के मामले में आरोपी का नाम केस से हटाने के नाम पर दो लाख रुपये रिश्वत लेते दरोगा को एंटी करप्शन ने गिरफ्तार किया है। आरोपी दरोगा धनंजय सिंह महानगर थाने के पेपर मिल पुलिस चौकी पर तैनात है। एंटी करप्शन की टीम ने बुधवार रात में आजमगढ़ के मेहनाजपुर निवासी दरोगा को पुलिस चौकी से रिश्वत लेते दबोच लिया। इंस्पेक्टर महानगर अखिलेश कुमार मिश्र के मुताबिक आलमबाग स्थित ब्रिटिश स्कूल ऑफ लैंग्वेज के संचालक प्रतीक गुप्ता व उसके एक परिचित रियाज पर उनकी पर्सनल सैक्रेटरी ने कॉफी में नशीला पदार्थ पिलाकर सामूहिक दुष्कर्म का आरोप लगाया था। आरोप है कि आरोपियों ने युवती की अश्लील वीडियो भी बनाई और मुंह खोलने पर धमकी दी। युवती की शिकायत पर केस दर्ज कर महानगर पुलिस ने मुख्य आरोपी प्रतीक गुप्ता को कानपुर से गिरफ्तार किया था। इसी मामले में आरोपी प्रतीक गुप्ता का नाम हटाने के लिए दरोगा रिश्वत देने का दबाव डाल रहे थे। प्रतीक ने मामले की शिकायत एंटी करप्शन में की, इसके बाद एक टीम गठित की गई। टीम ने प्रतीक को रुपयों के साथ दरोगा के पास भेजा। पुलिस चौकी में दरोगा ने जैसे ही रुपये अपने हाथ में लिए। एंटी करप्शन की टीम ने छापा मारकर धनंजय को दबोच लिया।

## पीली मटर पर सरकार ने लगा दिया 30 फीसदी आयात शुल्क

**नई दिल्ली, 31 अक्तूबर (एजेंसी)।** दिल्ली, मुंबई हो गया लखनऊ-इंदौर शाम होते ही आपको सड़क किनारे चाट-पकौड़ों के ठेले सजे दिख जाएंगे। इन ठेलों पर लगी भीड़ चटपटे चाट का जमकर स्वाद लेती है। लेकिन, आने वाले में इस चटपटे चाट का जायका बिगड़ने वाला है। सरकार ने इस टिक्की, चाट-पकौड़े और समोसे में इस्तेमाल होने वाली सबसे खास चीज पर आयात शुल्क लगा दिया है, वह भी पूरे 30 फीसदी जो 1 नवंबर से लागू हो जाएगा। इस चीज के बिना चाट-पकौड़े को मजा आता नहीं और इसे इस्तेमाल करने के लिए अब ज्यादा कीमत चुकानी पड़ेगी। दरअसल, सरकार ने पीली मटर के आयात पर 1 नवंबर से 30 प्रतिशत शुल्क लगा दिया है। हालांकि, 31 अक्टूबर या उससे पहले के बिल वाली खेप को अभी भी शून्य शुल्क के साथ आयात किया जाएगा। पीली मटर पर अभी तक कोई शुल्क नहीं लगता था, लेकिन 1 नवंबर से एकमुश्त 30 फीसदी का टैक्स लगने से इसकी खपत और आयात पर निश्चित रूप से असर पड़ेगा। कारोबारी जब बाहर से महंगी कीमत पर मटर मंगाएंगे, तो खुदरा बाजार में भी इसके रेट पर असर पड़ेगा। जो आखिरकार उपभोक्ताओं की थाली तक जाएगा।

## 15 बीघा धान बर्बाद होने से किसान ने जान दी

**लखनऊ, 31 अक्टूबर (एजेंसी)।** यूपी में मोन्था तूफान के इफेक्ट से आई आंधी-बारिश ने तबाही मचा दी है। झांसी में धान की फसल खराब होने से परेशान किसान कमलेश यादव (48) ने शुक्रवार को फांसी लगाकर जान दे दी। वह मोंठ के कुम्हरार गांव के रहने वाले थे। सुबह पत्नी कमरे में पहुंची तो पति फंदे पर लटके हुए थे। कमलेश के बेटे भूपेंद्र यादव ने बताया- पिता खेती-किसानी करते थे। उनके पास 5 बीघा जमीन है, जबकि वे 10 बीघा का खेत बटाई पर लिए थे। इसमें धान की फसल बोई थी, जो पक कर तैयार हो चुकी थी। गुरुवार और उससे दो दिन पहले हुई बारिश की वजह से खेत में पानी भर गया। इससे पूरी फसल खराब हो गई। पिता दो-तीन दिन से डिप्रेशन में थे। गुरुवार को खेत से घर लौटे तो कहने लगे कि कुछ भी नहीं बचा। रात को खाना नहीं खाया और कमरे में सोने चले गए। बहन की शादी तय हो चुकी थी। 15 दिन बाद सगाई और फलदान होना था। वाराणसी, बलिया, मऊ समेत 20 शहरों में सुबह से रुक-रुककर बारिश हो रही है।

# देव उठनी एकादशी 1 और 2 नवंबर को दो दिन

**▶ गृहस्थों के लिए व्रत एक नवंबर को ही उचित**
**▶ 2 नवंबर से होगा तुलसी विवाह का मुहूर्त**

**मुजफ्फरनगर, 31 अक्टूबर (बु.)।** इस बार देव उठनी एकादशी को लेकर भी संशय की स्थिति है। ऐसे में एक और दो नवंबर दो दिन देव प्रबोधिनी एकादशी रहेगी। जानकारों के अनुसार गृहस्थों के लिए एक नवंबर को व्रत रखना श्रेष्ठ बताया गया है। इसके साथ ही तमाम स्थानों पर तुलसी सालिग्राम विवाह की तैयारियां भी चल रही हैं। अनेक मंदिरों में यह विवाहोत्सव मनाया जाता है। शास्त्रों के अनुसार चार माह बाद देव योग निद्रा से उठते हैं तो इसे देव उठनी या देव प्रबोधनी एकादशी कहा जाता है। इस बाद एकादशी का प्रारंभ एक नवंबर को सुबह 9 बजकर 11 मिनट से 2 नवंबर, सुबह 7 बजकर 31 मिनट तक है। ऐसे में देव उठनी एकादशी पारण मुहूर्त : 3 नवंबर, सुबह 6 बजकर 15 मिनट से 8 बजकर 32 मिनट तक रहेगा। शास्त्रानुसार गृहस्थों द्वारा देव उठनी एकादशी का व्रत 1 नवंबर दिन शनिवार को किया जाएगा। इसके साथ वैष्णव परंपरा से जुड़े इस्कॉन आदि को मानने वाले दो नवंबर को उदयातिथि के हिसाब से व्रत रख सकते हैं।

देव उठनी एकादशी व्रत के दिन भद्रा शाम 8 बजकर 27 मिनट से अगले दिन 6 बजकर 34 मिनट तक रहेगी। वहीं पंचक काल पूरे दिन रहने वाला है। पंचक शुक्रवार से 31 अक्टूबर सुबह छह बजकर 48 मिनट से लग चुके हैं। यह चार नवंबर मंगलवार को दोपहर 12 बजकर 34 मिनट तक रहेंगे। देव जगाने



से पहले घर में गेरू और खड़िया के घोल से घर में देवी-देवताओं के साथ कई अन्य चित्र बनाए जाते हैं। इसके बाद एक स्टील की परात में सिंघाड़े, शकरकंद के अलावा कई चीजें रखते हैं और फिर जगाने के समय घर की सभी महिलाएं और बच्चे पूजा के समय साथ आते हैं और फिर उठो देव बैठो देव, उठ नारायण बैठ नारायण का गीत गाकर देवों को जगाते हैं। शास्त्रों में देव उठनी एकादशी के दिन को पवित्र माना जाता है। इस बार देव उठनी एकादशी पर 2 नवंबर, रविवार को तुलसी विवाह का आयोजन पूरे श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ किया जाएगा। इसके लिए तमाम मंदिरों में तैयारियां तेज हो गई हैं। परंपरा के अनुसार शहर समेत जिलेभर के अनेक मंदिरों में तुलसी सालिग्राम विवाह पूरी विधि के साथ किया जाता है। इस दिन माता तुलसी का विवाह भगवान विष्णु के स्वरुप शालीग्राम भगवान के साथ होती हैं। इस दिन भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा करने से वैवाहिक जीवन में सुख-समृद्धि आती है। इसमें विवाह की तमाम प्रक्रियाओं के साथ श्रद्धानुसार भक्त दान भी देते हैं। वैसे एकादशी से लेकर पूर्णिमा तिथि तक तुलसी विवाह करा सकते हैं। बता दें कि इस बार पूर्णिमा तिथि 5 नवंबर को है। इसी दिन कार्तिक माह का समापन होगा और कार्तिक स्नान करने वाले श्रद्धालुओं का व्रत भी संपन्न होगा। कार्तिक पूर्णिमा पर शुकतीर्थ में बड़े मेले की तैयारी चल रही है। इस अवसर पर दीपदान की भी परंपरा है।

# फुगाना व तितावी पुलिस ने संयुक्त रूप से मुठभेड़ के दौरान चार शातिर लुटेरों को किया गिरफ्तार







**मुजफ्फरनगर, 31 अक्टूबर (बु.)। शुक्रवार को पुलिस लाइन में प्रेसवार्ता करते हुए एसपी देहात आदित्य बंसल ने जानकारी देते हुए बताया कि दो दिन पूर्व फुगाना थाना क्षेत्र में कार सवार बदमाशों ने आसिफ निवासी अम्बेहटा रिदान थाना झिंझाना से मोबाइल व नगदी लूट ली थी। आसिफ ने पुलिस में इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई थी, तभी से पुलिस बदमाश की तलाश में जुट गयी थी। पुलिस के अनुसार देर रात सूचना मिली कि कार सवार बदमाश लोई नहर से सराय जाने वाले रास्ते पर खड़े हुए हैं। तितावी व फुगाना पुलिस ने मिलकर उक्त कार सवार बदमाशों का पीछा किया, तभी बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने बदमाश अहमद निवासी गांव हर्रा थाना सरुरपुर मेरठ व नौशाद निवासी गांव पांचली थाना सरुरपुर मेरठ को घायल कर दिया। पुलिस ने घायल बदमाशों के दो साथियों जावेद व रिजवान उर्फ नौशाद निवासीगण गांव हर्रा थाना सरुरपुर को भी गिरफ्तार कर लिया, जबकि गैंग का एक साथी अनस निवासी गांव हर्रा मौके से फरार होने में सफल हो गया। पुलिस ने गिरफ्तार बदमाशों से दो तमंचे , 8 हजार रुपए नकद, कार व मोबाइल बरामद किया है। गिरफ्तार बदमाशों का चालान कर दिया गया है।**

# मुजफ्फरनगर ने प्रदूषण में फिर दिल्ली-वेस्ट यूपी को पछाड़ा, एक्यूआई 247

**मुजफ्फरनगर, 31 अक्टूबर (बु.)।** प्रदूषण के मामले में एक बार फिर वेस्ट यूपी टॉप करने के साथ मुजफ्फरनगर ने दिल्ली को पछाड़ दिया है। शहर में एक्यूआई आज भी ऑरेंज जोन में 247 पर दर्ज किया गया। सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के आंकडों के अनुसार शुक्रवार को दिल्ली में यह 218 और मेरठ में 193 रहा। सबसे साफ हवा हापुड़ में 92 रही।

**▶ तापमान में थोड़ी गिरावट के बाद पारा 27.8 पर**
**▶ नवंबर में ठंड के रफ्तार पकड़ने के मिल रहे संकेत**

दूसरी ओर हवा का पैटर्न बदलने के बाद आज नगर में तापमान में थोड़ी गिरावट के बाद दिन का पारा 27.8 पर आ गया। हालांकि रात का तापमान थोड़ा बढ़कर 20.0 डिग्री दर्ज किया गया। जिले में प्रदूषण की स्थिति पर अभी तक कोई काबू नहीं है। आज भी नगर में एक्यूआई ऑरेंज जोन में 247 पर रहा। दिल्ली समेत पूरे वेस्ट यूपी में मुजफ्फरनगर प्रदूषण के मामले में फिसड्डी रहा। माना जा रहा है कि हवा का पैटर्न बदलने के बाद एक्यूआई में सुधार होगा। स्काइमेट वेदर के अनुसार दिल्ली-एनसीआर में निचले स्तर की हवाएं आज से सामान्य पश्चिमी दिशा में लौटने लगी हैं और कल 1 नवंबर से यह असर और स्पष्ट होगा। हालांकि, हवाएं अभी भी हल्की रहेंगी। इसके चलते रात के तापमान में हल्की गिरावट देखने को मिलेगी। 4 नवंबर 2025 को एक पश्चिमी विक्षोभ के आने की संभावना है। इसके प्रभाव से हवाओं का रुख फिर से बदलकर दक्षिण-पूर्वी दिशा में हो जाएगा, जिससे 4 और 5 नवंबर को रात के तापमान में बढ़ोतरी हो सकती है। संभावना है कि इस दौरान हल्की बारिश भी हो सकती है, जो हवा के रुख में बदलाव के साथ आएगी। मौसम साफ होने के बाद अगले हफ्ते के मध्य से तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी। हवाएँ भी तेज होंगी और इससे दिल्ली-एनसीआर में सर्दी की दस्तक महसूस होने लगेगी। इस तरह आने वाले दिनों में राजधानी वेलकम विंटर मोड में जाने के लिए पूरी तरह तैयार है।

## ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान में दो आरोपियों को सजा

**मुजफ्फरनगर, 31 अक्टूबर (बु.)।** ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत पुलिस पर जानलेवा हमले के दो आरोपियों को कोर्ट ने सजा सुनाई है। अभियोजन के अनुसार आरोपी भोगा उर्फ आजाद उर्फ आबेखान निवासी भोपुर थाना भोजपुर जनपद मुरादाबाद व फिरोज खान उर्फ सूरज निवासी लाहरा कामनगर थाना हयातनगर जनपद सम्भल हाल पता झुग्गी-झोपड़ी मोहल्ला सराय थाना गंगोह जनपद सहारनपुर को पुलिस के ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत एफटीसी-3 कोर्ट ने सजा सुनाई है। कोर्ट ने आरोपी भोगा उर्फ आजाद को तीन साल की सजा व 7 हजार रुपए का अर्थदंड, जबकि आरोपी फिरोज को 3 साल की सजा व 11 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

## आतंकी तहव्वुर राणा को भारत लाने वाली एनआईए अधिकारी जया राय को मिला 'केंद्रीय गृहमंत्री दक्षता पदक'

**नई दिल्ली, 31 अक्तूबर (एजेंसी)।** भारत की जांच एजेंसी नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी की वरिष्ठ अधिकारी जया राय को देश की आंतरिक सुरक्षा और जांच कार्यों में उत्कृष्ट योगदान के लिए 'केंद्रीय गृहमंत्री दक्षता पदक' से सम्मानित किया गया है। जया राय ने 26/11 मुंबई आतंकी हमले से जुड़े आरोपी तहव्वुर हुसैन राणा के प्रत्यर्पण मामले में बेहद अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने न केवल इस केस की गहराई से जांच की, बल्कि विदेशी एजेंसियों के साथ मिलकर ठोस साक्ष्य जुटाए, जिससे राणा के खिलाफ भारत का पक्ष और मजबूत हुआ। अमेरिका में चल रही कानूनी प्रक्रिया के दौरान जया राय ने भारतीय एजेंसियों की साख को बनाए रखते हुए जांच की हर कड़ी को बेहद पेशेवर ढंग से संभाला। गृह मंत्रालय ने कहा कि उनका यह योगदान राष्ट्रीय सुरक्षा और न्याय प्रणाली दोनों के लिए सराहनीय है। इस सम्मान को एनआईए और पूरे देश के लिए गर्व का क्षण बताया जा रहा है। जया राय की मेहनत, ईमानदारी और समर्पण ने भारत की जांच एजेंसियों की विश्वसनीयता को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई ऊंचाइयों तक पहुँचाया है। आपको बता दें कि देश की सुरक्षा व्यवस्था में महिलाएं आज हर मोर्चे पर अपनी क्षमता का प्रमाण दे रही हैं। आईपीएस अधिकारी जया रॉय, जिन्होंने न केवल अपने जज्बे और जूनून से सिविल सेवा में सफलता पाई, बल्कि आज राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी में एक मुख्य नेतृत्वकर्ता की भूमिका निभा रही हैं। तहव्वुर राणा जैसे खतरनाक आतंकी को भारत लाने के अहम मिशन में उनकी भूमिका ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि महिलाएं अब सिर्फ घर नहीं, बल्कि देश की सीमाएं और सुरक्षा भी मजबूती से संभाल रही हैं।

## पच्चीस हजार रुपये का इनामी बदमाश शाहपुर पुलिस ने मुठभेड़ में किया गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर, 31 अक्टूबर (बु.)।** शुक्रवार को पुलिस लाइन में एसपी देहात आदित्य बंसल ने प्रेसवार्ता करते हुए बताया कि गुरूवार की देर रात शाहपुर थाना प्रभारी मोहित चौधरी पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम के साथ निरमाना मार्ग पर वाहनों की चैकिंग कर रहे थे, तभी पुलिस ने एक संदिग्ध को रोकने का प्रयास किया, तो उसने भागने का प्रयास करते हुए पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने बदमाश को घायल कर दिया। पकड़े जाने के बाद पूछताछ में जानकारी मिली कि घायल बदमाश 25 हजार रुपये का इनामी है व हरियाणा, पानीपत के जगदीश नगर का रहने वाला है, जोकि मुठभेड़ में मारे जा चुके विनोद गड़रिया गैंग का सक्रिय सदस्य है। इसी के साथ बदमाश भी शाहपुर व ककरौली में डकैती के मामले में वांछित चल रहा था। पुलिस ने घायल बदमाश से एक तमंचा व मोबाइल बरामद किया है। एसएसपी ने 25 हजार रुपए का इनाम घोषित था।

# कोर्ट में आजम खां ने जमा कराया एक हजार का हर्जाना, तत्कालीन विवेचक की दोबारा हुई गवाही

**रामपुर, 31 अक्तूबर (एजेंसी)।** सपा नेता आजम खां के खिलाफ दर्ज डूंगरपुर बस्ती केस में बिजनौर में तैनात इंस्पेक्टर धर्मेंद्र सोलंकी कोर्ट में पेश हुए। जहां उनकी गवाही पूरी हुई। कोर्ट में इससे पहले एक हजार रुपये का हजार्ना जमा कराया गया। इसके बाद उनकी गवाही हुई। अब इस मामले की सुनवाई दस नवंबर को होगी। गंज थाने में वर्ष 2019 में दर्ज डूंगरपुर बस्ती को खाली कराने के नाम पर लूटपाट, मारपीट व चोरी के आरोप लग थे। इस मामले में सपा नेता आजम खां समेत कई लोगों को नामजद किया गया था। कोर्ट में इस मामले की विवेचना करने वाले तत्कालीन गंज थाने के इंस्पेक्टर धर्मेंद्र सिंह सोलंकी की गवाही कराने के लिए प्रार्थना पत्र 29 अक्तूबर को दिया गया था।

इस पर कोर्ट ने सपा नेता पर एक हजार रुपये का हजार्ना लगाते हुए गवाह को दोबारा तलब किया था। उनकी गवाही पहले ही हो चुकी थी। शुक्रवार को इस मामले में सुनवाई हुई। बिजनौर के इंस्पेक्टर ने गवाही दी। एडीजीसी सीमा राणा ने बताया कि इस मामले में बिजनौर के इंस्पेक्टर की गवाही पूरी हो गई है। बताया कि इस मामले में बचाव पक्ष की ओर से कोर्ट द्वारा लगाए गए एक हजार रुपये के हजार्ना को जमा कराया गया है। अब इस मामले की सुनवाई दस नवंबर को होगी।

सपा के पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम के दो पैन कार्ड मामले में शुक्रवार को बचाव पक्ष की अंतिम बहस पूरी नहीं हो सकी। अब इस



मामले में अब अंतिम बहस के लिए चार नवंबर की तारीख तय कर दी है। सपा के पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम के खिलाफ 2019 में शहर विधायक आकाश सक्सेना की ओर से दो पैन कार्ड व दो पासपोर्ट रखने का मामला दर्ज कराया गया था। इस मामले में सपा नेता आजम खां भी आरोपी बनाए गए हैं। यह मामला एमपीएमएलए कोर्ट में विचाराधीन है। इस वक्त दो पैन कार्ड मामले में बचाव पक्ष की अंतिम बहस चल रही है। शुक्रवार को बचाव पक्ष की ओर से बहस की गई जो कि कई घंटे तक जारी रही। शहर विधायक के अधिवक्ता संदीप सक्सेना ने बताया कि कोर्ट में बचाव पक्ष की अंतिम बहस पूरी नहीं हो सकी है। इस माम्ले में अब अंतिम बहस के लिए चार नवंबर की तारीख तय कर दी गई है।

# तीसरे दिन भी मंसूरपुर में चलती रही जांच

**▶ मंडी के दो व्यापारियों के यहां छापे की कार्रवाई दूसरे दिन पूरी**

**मुजफ्फरनगर, 31 अक्टूबर (बु.)।** मंसूरपुर चीनी मिल पर बुधवार सुबह शुरू हुई आयकर और ईडी की जांच शुक्रवार को भी जारी रही। इस बीच टीम ने मिल से व्यावसायिक रूप से जुड़े दो चीनी व्यापारियों की फर्मों पर कल से शुरू हुई जांच आज संपन्न हो गई। आयकर विभाग की टीम ने मिल के भुगतान आदि को लेकर किसानों से भी पूछताछ की है। जांच के तीसरे दिन भी जारी रहते माना जा रहा है कि इस छापे में कुछ बड़ा मिलने वाला है। धामपुर ग्रुप की चीनी मिलों पर ईडी और आयकर विभाग की टीमों ने एक साथ जांच शुरू की थी। इसके चलते मंसूरपुर स्थित धामपुर ग्रुप की चीनी मिल पर बुधवार सुबह करीब आठ बजे छापे का काम शुरू किया गया था। नब्बे घंटे बाद आज भी यह जांच जारी रही। इस दौरान टीमों ने मंसूरपुर मिल के तमाम कागजात और कंप्यूटरों की हार्ड डिस्क को खंगालते हुए मिल में हुए चीनी के उत्पादन, गन्ने की खरीद, किसानों के भुगतान तथा अन्य मामलों में जमा खर्च के तमाम दस्तावेज





खंगाले हैं। इस जांच के दौरान कुछ संदिग्ध मिलने के बाद टीमों ने गत दिवस नई मंडी की दो चीनी विक्रेता फर्मों की भी जांच शुरू की थी। इस दौरान इन फर्मों में भी जांच की गई और वहां से तमाम दस्तावेज कब्जे में ले लिए गए। कल से शुरू हुआ जांच का काम आज पूरा करने के साथ वहां से संबंधित दस्तावेज अपने कब्जे में लेकर आगे जांच शुरू कर दी।

इसके आधार पर चीनी मिल में मिले सुबूतों को रिलेट किया जा रहा है। इसके साथ ही किसानों से भी टीम ने संपर्क कर उनसे मिल में हो रही गन्ना सप्लाई, बाहर से गन्ने की खरीद, किसानों को भुगतान और घटतौली आदि को लेकर सवाल पूछे। ऐसे में माना जा रहा है कि मामला कुछ बड़ा खुलने वाला है। मिल का पेराई सत्र शुरू होने के अगले दिन ही इस छापा कार्रवाई के चलते मिल का तमाम काम और गन्ने की खरीद दोनों ठप्प है। इसे लेकर किसानों में भी नाराजगी है। खासतौर से जो किसान मिल में डालने के लिए गन्ने की छोलाई कर चुके हैं, उनका कहना है कि उनका गन्ना कटने के बाद खेतों में पड़ा सूख रहा है। उन्होंने मिल में पेराई कार्य शुरू करने की मांग की।

## रामपुर तिराहा कांड : दोबारा गवाही का प्रार्थना पत्र खारिज

**मुजफ्फरनगर, 31 अक्टूबर (बु.)।** रामपुर तिराहाकांड से जुड़े सरकार बनाम राधा मोहन द्विवेदी मामले में शुक्रवार को कोर्ट में सुनवाई है। सीबीआई की तरफ से दोबारा गवाह की गवाही के लिए दिए गए प्रार्थना पत्र को कोर्ट ने खारिज कर दिया है, जबकि दूसरे गवाह के मामले में सुनवाई नहीं हुई। कोर्ट ने सुनवाई के लिए 11 नवम्बर की तिथि नियत की है। आपको बता दें कि 1 अक्तूबर 1994 की रात पृथक राज्य की मांग के लिए दिल्ली जा रहे उत्तराखंड के आंदोलनकारियों को पुलिस ने रामपुर तिराहे पर रोक लिया था। आरोप है पुलिस फायरिंग में सात आंदोलनकारियों की मौत हो गई थी, जबकि महिलाओं से छेड़छाड़ और दुष्कर्म के आरोप भी लगे थे। इस मामले में सीबीआई की तरफ से हाईकोर्ट के आदेश पर सात मुकदमे दर्ज कराए थे। उत्तराखंड संघर्ष समिति के वरिष्ठ अधिवक्ता अनुराग वर्मा ने बताया कि शुक्रवार को सरकार बनाम राधा मोहन द्विवेदी मामले में सुनवाई हुई। सीबीआई द्वारा गवाह की दोबारा गवाही के लिए दिए गए प्रार्थना पत्र को कोर्ट ने खारिज कर दिया है, जबकि दूसरे गवाह के मामले में सुनवाई नहीं हुई। कोर्ट ने मामले में सुनवाई के लिए 11 नवम्बर की तिथि नियत की है।

# मटर 200 रुपए तो धनिया 100 रुपए किलो

**▶ नींबू 80 रुपए और पुदीने ने लगाई 200 रुपए तक की छलांग**

**मुजफ्फरनगर, 31 अक्टूबर (बु.)। इस समय बाजार में कई चीजों के दाम आसमान छू रहे हैं। अगर बात करें गृहणियों की रसोई की, तो वहां सबसे ज्यादा प्रयोग होने वाली सब्जियों के दाम कुछ मिले-जुले चल रहे हैं। कुछ सब्जियां तो अपने दामों में स्थिरता हैं, लेकिन कुछ ने तो ऐसी रफ्तार पकड़ रखी है कि मानों कोई क्रिकेट मैच चल रहा हो और टारगेट हो सबसे ज्यादा स्कोर बनाने का। आपको बता दें कि मुजफ्फरनगर बुलेटिन संवाददाता ने सब्जी मंडी में जाकर सब्जियों के दामों के बारे में जाना तो पता चला कि प्याज, आलू और कुछ सब्जियां स्थिर बनी हुई हैं, लेकिन कुछ सब्जियों के दाम तो अपने आसमान पर पहुंच चुके हैं। अगर बात करें मटर और धनिये की, तो मटर ने दोहरा शतक लगा दिया है। मतलब आप समझ गये होंगे कि मटर के दाम 200 रुपए किलो, जबकि**



**हरा धनिया भी शतक लगाकर 100 रुपए किलो तक पहुंच चुका है। दूसरी ओर बात करें नींबू की, तो नींबू 80 रुपए किलो तक पहुंच चुका है, जबकि गाजर अभी शुरूआती दौर में है, तो शायद हो सकता है कि इसके दाम 40-50 रुपए किलो चल रहे हों। वहीं अगर बात करें अदरक की, तो अदरक भी 120 रुपए किलो पहुंच चुका है। ठंड के दिनों में गृहाणयां अदरक का प्रयोग चाहे चाय हो या कोई भी सब्जी उसमें करती हैं। ऐसे में कहीं ना कहीं अदरक के रेट इस तरह से बढ़ना भी लोगों के लिये चिंता का विषय है, क्योंकि अदरक के रेट इस तरह से बढ़ते रहे तो यह लोगों की रसोई से गायब होने की कगार पर पहुंच जाएगा। अगर हम बात करें पत्ता गोभी या लोकी की, तो यह दोनों भी अर्धशतक लगा चुके हैं। मतलब कि पत्ता गोभी 60 रुपए किलो तो लॉकी के दाम 50 रुपए किलो चल रहे हैं। अगर आप लोगों के जायके में चार चांद लगाने वाली हरी मिर्च की बात करें तो हरी मिर्च ने भी बढ़-चढ़कर रफ्तार पकड़ रखी है। बाजार में हरी मिर्च इस समय बाजार में 60 रुपए प्रतिकिलो के हिसाब से बिक रही है। अगर हरी मिर्च के दाम ही इस तरह से बढ़ रहे हैं, तो आप समझ लीजिये कि सब्जी मंडी के रेट किस तरह से बढ़ रहे होंगे। हालांकि बरसात में प्याज और आलू ने जिस तरह से टेंशन दी थी, उसमें कहीं ना कहीं कमी जरूर आई है, लेकिन अगर बात आप अन्य सब्जियों की करें, तो वो गृहणियों की चिंता जरूर बढ़ा रही है। अगर आप किसी भी सब्जी की बात करें, तो हर सब्जी दहाई का आंकड़ा पर कर चुकी हैं। जब भी सरकारों से बात की जाती है कि सब्जियों के दाम इस तरह से क्यों बढ़ रहे हैं, तो जबाव आता है कि पड़ौसी देश में तो दाम इससे भी ज्यादा हैं। ऐसे में हम पड़ौसी देशों की तुलना भारत से कर क्यों रहे हैं। हमारे देश की इकॉनोमी इतनी तेजी से बढ़ रही हो, तो क्या बड़े-बड़े दावे करने वाली सरकार सब्जियों के दामों को नियंत्रण नहीं कर सकती है। इससे पहले दामों के बढ़ने का कारण बताया जाता है, जिनमें मुख्य रूप से मौसम की मार, आपूर्ति श्रृंखला में बाधाएं, किसानों की लागत में वृद्धि, और मांग में उतार-चढ़ाव शामिल हैं। जब मौसम खराब होता है, तो फसलें खराब हो जाती हैं और आपूर्ति कम हो जाती है, जिससे कीमतें बढ़ जाती हैं। परिवहन लागत में वृद्धि और मांग-आपूर्ति के संतुलन में गड़बड़ी भी कीमतों को प्रभावित करती है। इसके अलावा यह भी कहा जाता है कि ईंधन और उर्वरक जैसी आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती कीमतों के कारण सब्जियों की लागत भी बढ़ जाती है। लेकिन इसमें भी एक सवाल है कि जो चीज हम हम बाहरी देशों से खरीदते हैं उसमें तो बहाना होता है कि इंटरनेशनल रेट बढ़ गये, लेकिन जो चीजें जैसे कि सब्जियां हमारे देश में ही पैदा होती हैं। उनके रेट तो कंट्रोल में लाये जा सकते हैं, लेकिन जो भी हो जनता से वोट लेकर नेता उन्हें पहचानते तक नहीं हैं, तो उनके लिये सब्जियों के दाम बढ़ाना आम बात है।**

## मेघाखेड़ी हत्याकाण्ड में दो बाल अपचारियों को गिरफ्तार कर किया कोर्ट में पेश

**मुजफ्फरनगर, 31 अक्टूबर (बु.)।** गुरूवार को वॉलीबॉल खेलने को लेकर युवकों में हुआ विवाद इतना बढ़ गया कि तीन नाबालिग युवकों ने देर रात घर में घुसकर नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के गांव मेघाखेड़ी निवासी पारस की चाकुओं से कई वार कर हत्या कर दी थी। गंभीर अवस्था में पारस को एक प्राइवेट नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार के बाद उसकी मौत हो गयी थी। मौत के बाद तत्काल कार्यवाही करते हुए नई मण्डी कोतवाली प्रभारी बृजेश शर्मा ने दो बाल अपचारियों को पुलिस अभिरक्षा में ले लिया था। आज शुक्रवार को दो बाल अपचारियों की निशानदेही पर आला ए कत्ल बरामद कर लिया गया, जबकि घटना में शामिल एक अन्य आरोपी अभी फरार है। शुक्रवार को पुलिस सुरक्षा में पारस का गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान सुरक्षा की दृष्टि से गांव में पुलिसल तैनात है।

## पांच माह पूर्व कर दिया नाबालिगों का निकाह, विवाद के बाद मामला पहुंचा थाने

**भोपा, 31 अक्टूबर (बु.)।** थाना क्षेत्र के गांव सीकरी में पांच माह पूर्व हुआ नाबालिगों का निकाह विवाद के बाद भोपा थाने पहुंच गया, जहां किशोर की मां ने पुत्र को सैलून में काम सिखाने के बहाने ले जाकर जबरदस्ती उसका निकाह करा देने का आरोप लगाते हुए निकाह कराने में शामिल लोगों पर कार्रवाई की मांग की है। वहीं युवती की मां ने भी दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की गुहार लगाई है। पुलिस दोनों पक्षों के आरोप प्रत्यारोप के आधार पर मामले की जांच में जुटी है। वहीं पांच माह पूर्व हुए नाबालिगों के निकाह के मामले का खुलासा होने के बाद मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। मुजफ्फरनगर के खालापार थानाक्षेत्र निवासी महिला ने भोपा थाने पर पहुंचकर बताया कि थानाक्षेत्र के गांव सीकरी निवासी एक महिला कुछ माह पहले उसके नाबालिग पुत्र को सैलून में काम सिखाने के बहाने ले गई थी। आरोप है कि वहां पर लगभग आधा दर्जन महिला पुरुषों ने मिलकर उसके नाबालिग पुत्र का निकाह उक्त महिला की पुत्री से करा दिया। महिला ने बताया कि जब उसे अपने नाबालिग पुत्र के निकाह की जानकारी मिली, तो उसने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने उसे दहेज के झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी, जिसके बाद महिला अपने पुत्र को लेकर थाने पहुंची और दोनों की जान का खतरा बताते हुए निकाह में शामिल लोगों पर कार्रवाई की मांग की है।

दूसरी ओर युवती की मां ने युवती के साथ थाने पहुंचकर बताया कि लगभग पांच महीने पहले उसकी पुत्री का निकाह खालापार निवासी युवक के साथ हुआ था, जिसके बाद उसकी सास उसे अपने भाई के साथ रखना चाहती है, जिसके चलते उसकी सास, पति और दो अन्य उसकी पुत्री से मोटरसाइकिल की मांग करते हुए मारपीट करते हैं। दहेज की मांग के चलते उसकी सास लगभग दो माह पहले उसे मायके में छोड़ गई थी, जिसके बाद ससुराल के लोग उसे लेने नहीं आए हैं। उसने भी तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। यहां पर उल्लेखनीय है कि निकाह का यह मामला पांच माह पूर्व का बताया जा रहा अगर शादीशुदा जोड़े की बात करें, तो किशोर जन्म प्रमाण पत्र के अनुसार और युवती भी विद्यालय के सर्टिफिकेट अनुसार पांच माह पूर्व हुए निकाह के समय नाबालिग थी। पुलिस दोनों पक्षों के आरोप प्रत्यारोप की जांच कर रही है। वहीं नाबालिगों का यह विवाह क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। क्षेत्रवासी मामले में कार्रवाई का इंतजार कर रहे हैं।

## तीन वांछित आरोपी गिरफ्तार

**जानसठ, 31 अक्टूबर (बु.)।** कोतवाली क्षेत्र के गांव तिसंग में मोबाइल फोन को लेकर हुए झगड़े में घायलों की ओर से दर्ज कराए गए मुकदमे में वांछित चल रहे तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। एसएसपी संजय कुमार के आदेश से चलाये जा रहे अभियान मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत मुकदमा में वांछित चल रहे तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। विदित हो कि गांव तिसंग में मोबाइल फोन को लेकर दो पक्षों में कहासुनी हो गई थी। कहासुनी मारपीट में बदल हो गई थी। गांव तिसंग निवासी सुशील ने थाने में तहरीर देते हुए बताया था कि मेरे पुत्र अंकुर का पड़ोसी जितेश एवं मोहित से मोबाइल फोन को लेकर कहासुनी हो गई थी, जिसके बाद दोनों बाप-बेटे ने अन्य लोगों के साथ मिलकर मुो व मेरे बेटे व पत्नी के साथ लाठी-डंडों से मारपीट की, जिसमें एक महिला सहित तीन लोग घायल हो गए थे। पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था और आरोपियों की तलाश में जुटी हुई थी। मीरापुर दलपत चौकी इंचार्ज दीपक शर्मा के नेतृत्व में पुलिस ने सोनू पुत्र जनेश्वर, सन्दीप पुत्र जनेश्वर, मोहित पुत्र जितेश निवासी तिसंग को गिरफ्तार कर लिया है। इंस्पेक्टर राजीव शर्मा ने बताया कि मोबाइल फोन को लेकर हुए झगड़े में तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया था। गांव तिसंग निवासी सोनू, संदीप, मोहित को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

# एक माह से गायब बच्चे की रिपोर्ट दर्ज नहीं कर रही पुलिस

**बुढ़ाना, 31 अक्टूबर (बु.)।** एक महिला अपने 15 साल के पुत्र की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराने को कोतवाली व चौकी के धक्के खा रही है, मगर पुलिस ने एक माह बीतने के बाद भी बच्चे की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज नहीं की। आज शुक्रवार की सुबह महिला ने मीडिया के समक्ष रो-रोकर अपने बच्चे की बरामदगी की गुहार सीओ से लगाई है। महिला आसमा अब्बासी पत्नी शावेज निवासी चंधेड़ी रोड बुढ़ाना ने बताया कि बीती 30 सितम्बर को उसके दो पुत्र शानू व समद मोबाइल फोन को लेकर आपस में लड़ रहे थे, तब उसने समद की पिटाई कर दी और शानू को धमका दिया, तब डर के कारण वह घर से चला गया, लेकिन आज एक महीने से भी अधिक का समय हो गया, उसका पुत्र शानू नहीं मिला। उन्होंने उसको हर जगह तलाश कर लिया, लेकिन उसका कुछ भी पता नहीं चला। उन्होंने बुढ़ाना कोतवाली और कस्बा चौकी के काफी चक्कर काटे, लेकिन पुलिस ने आज तक उनकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की। तहरीर लेकर रख ली। इस एक महीने में जब भी उन्होंने पुलिस से अपने बच्चे के बारे बात की, तो पुलिस ये ही बोलती है कि हम बच्चे को तलाश रहे हैं, जबकि बच्चे की गुमशुदगी की रिपोर्ट तक दर्ज नहीं। उसी दौरान पीड़िता ने नगर पंचायत कार्यालय पहुंचकर खुद सीसीटीवी कैमरे भी चैक किए थे, जिसमें उनका पुत्र कांधला रोड पर स्थित चाट वाले की शॉप तक ही दिखाई दे रहा है। उसके बाद से ही वो गायब है।

## भाकियू ने घेरा बीएसए दफ्तर, बेमियादी धरना शुरू

**मुजफ्फरनगर, 31 अक्टूबर (बु.)।** भाकियू टिकैत शिक्षक संघ के बैनर तले शुक्रवार को सरकुलर रोड बीएसए कार्यालय में विरोध स्वरूप अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया गया। यह प्रदर्शन बीएसए संदीप कुमार पर अभद्र व्यवहार करने के साथ शिक्षकों की लंबित समस्याओं का समाधान नहीं करने के आरोप को लेकर किया गया। उक्त मामले में पूर्व में भाकियू शिक्षक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष राम रतन बालियान शिक्षकों और भोजन माताओं की समस्याओं को लेकर बीएसए से मिलने आए थे। तब, बीएसए ने उनके संगठन को मान्यता देने से इंकार कर दिया और पुलिस बुला कर किसी भी प्रकार की बातचीत से इंकार कर दिया था। इस बात पर यूनियन कार्यकर्ता भड़क गए और कार्यालय पर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। शुक्रवार को धरने पर पहुंचे भाकियू जिला अध्यक्ष नवीन राठी ने बताया कि उनका संगठन बीते 37-38 वर्षों से सक्रिय है और जब भी उन्होंने धरना प्रदर्शन किया है, किसी से अनुमति लेने की जरुरत नहीं पड़ी। उन्होंने कहा कि जब तक उनकी समस्याओं का समाधान नहीं होता, वह और उनके साथी बीएसए कार्यालय पर धरने पर मौजूद रहेंगे। धरना प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने बीएसए कार्यालय का गेट बंद कर दिया, जिसके चलते दफ्तर में कार्य प्रभावित हो गया। इस दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## भारत-अमेरिका के बीच 10 साल की डिफेंस डील पक्की

**वाशिंगटन, 31 अक्तूबर (एजेंसी)।** मलेशिया में 12वें आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक-प्लस (एडीएमएम-प्लस) का आयोजन हो रहा है। इस मौके पर भारत के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह मलेशिया पहुंचे हुए हैं। मलेशिया में राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कुआलालंपुर में अमेरिकी युद्ध सचिव पीटर हेगसेथ के साथ बैठक की। आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक सुरक्षा को लेकर बहुपक्षीय चर्चा का प्लेटफॉर्म है। ऐसे में रक्षा मंत्री सिंह और हेगसेथ के बीच यह बैठक बहुपक्षीय सुरक्षा मंच में भाग लेने वाले रक्षा नेताओं के बीच चर्चाओं की श्रृंखला के एक भाग के रूप में हो रही है।

## पीएम बोले- पटेल चाहते थे पूरा कश्मीर हमारा हो, नेहरू ने बांटा, जो अंग्रेज नहीं कर पाए कांग्रेस ने किया

**नई दिल्ली, 31 अक्टूबर (एजेंसी)।** पीएम मोदी शुक्रवार को सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के मौके पर गुजरात पहुंचे। उन्होंने नर्मदा जिले के एकता नगर में सरदार पटेल की 182 मीटर ऊंची प्रतिमा (स्टेच्यू ऑफ यूनिटी) पर पुष्पांजलि अर्पित की। एकता नगर में राष्ट्रीय एकता दिवस परेड का आयोजन हुआ। पीएम ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा- सरदार पटेल पूरे कश्मीर को भारत में मिलाना चाहते थे, लेकिन तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने ऐसा नहीं होने दिया। कश्मीर को अलग संविधान से बांट दिया। कांग्रेस की गलती की आग में देश दशकों तक जलता रहा। पीएम ने कहा- कांग्रेस को न केवल अपनी पार्टी और सत्ता, बल्कि गुलाम मानसिकता अंग्रेजों से विरासत में मिली है। जब अंग्रेजों ने 1905 में बंगाल का विभाजन किया, तो वंदे मातरम राष्ट्र की एकता और एकजुटता की आवाज बना। अंग्रेजों ने वंदे मातरम पर प्रतिबंध लगाने की कोशिश की, लेकिन कभी सफल नहीं हुए। मोदी ने कहा- जो काम अंग्रेज नहीं कर पाए, वह कांग्रेस ने कर दिया। कांग्रेस ने धार्मिक आधार पर वंदे मातरम के एक हिस्से को हटा दिया।

